C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 202 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 13 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## व्याख्याता के तबादले के विरोध में सुबह से रात तक चला प्रदर्शन

### आदेश निरस्त होने तक आंदोलन की चेतावनी

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद



कोटड़ी ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नंदराय में कार्यरत व्याख्याता शंकर लाल जाट के स्थानांतरण के विरोध में सोमवार को विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने सुबह तख्तियां लेकर विद्यालय परिसर में प्रदर्शन शुरू किया, जो देर रात तक लगातार जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा कि जब तक स्थानांतरण आदेश निरस्त नहीं किया जाता, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।

ग्रामीणों ने बताया कि शंकर लाल जाट पिछले छह वर्षों से विद्यालय में भूगोल व्याख्याता के रूप में कार्यरत हैं और वर्तमान में कार्यवाहक प्रधानाचार्य की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। उनका तबादला राजेंद्र नगर, भीलवाड़ा किया गया है, जिससे विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है, विशेषकर बोर्ड कक्षाओं की पढ़ाई पर। स्थानांतरण के विरोध की सूचना मिलने पर कोटड़ी सीबीईओ मौके पर पहुंचे और विद्यार्थियों व अभिभावकों से समझाइश का प्रयास किया, लेकिन छात्र और अभिभावक अपने रुख पर अड़े रहे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि केवल आश्वासन नहीं, बल्कि स्थानांतरण निरस्त होने के लिखित आदेश के बाद ही आंदोलन समाप्त किया जाएगा। स्थिति को देखते हुए देर शाम कोटड़ी थानाधिकारी महावीर मीणा पुलिस जाब्ते के साथ विद्यालय पहुंचे, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। हालांकि प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा, लेकिन नाराजगी साफ झलकती रही।

## मनरेगा एक्ट में बदलाव के विरोध में कांग्रेस का उपवास, जाट बोले मजदूर-किसान की आत्मा पर चोट



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मनरेगा बचाओ संग्राम जनआंदोलन के तहत सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी भीलवाड़ा (देहात) के जिलाध्यक्ष रामलाल जाट के नेतृत्व में डॉ. बी.आर. अंबेडकर सर्किल, रेलवे स्टेशन परिसर में एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मनरेगा एक्ट में प्रस्तावित बदलावों का विरोध किया।

इस अवसर पर रामलाल जाट ने कहा कि मनरेगा में बदलाव मजदूर और किसान की आत्मा पर सीधी चोट है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा ने ग्रामीण विकास और कोविड काल में अर्थव्यवस्था को सहारा दिया, लेकिन अब एक्ट में बदलाव से बेरोजगारी बढ़ेगी और पलायन को बढ़ावा मिलेगा।

कांग्रेस ने 12 से 29 जनवरी तक गांव-गांव जागरूकता अभियान, 30 जनवरी को ब्लॉक मुख्यालयों पर धरना तथा 31 जनवरी से 6 फरवरी के बीच जिला मुख्यालय पर धरना देने की घोषणा की। कार्यक्रम से पूर्व स्वामी विवेकानंद की जयंती और कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री हाफिज मोहम्मद की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

## कोटा में देह व्यापार का भंडाफोड़, सुश्याम होटल पर पुलिस का छापा, 17 गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।





गर्वित । शहर में अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नयापुरा थाना क्षेत्र में बस स्टैंड के पास स्थित सु श्याम होटल पर पुलिस ने वेश्यावृत्ति के धंधे का पर्दाफाश किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने होटल से 8 महिलाओं और 9 पुरुषों को संदिग्ध हालात में गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शहर में कानून-व्यवस्था को चुनौती दे रहे अवैध धंधों के खिलाफ सख्त संदेश मानी जा रही है। पुलिस कार्रवाई का नेतृत्व अंडर ट्रेनिंग आईपीएस सिद्धार्थ श्रीवास्तव एवं डीएसपी ने किया। सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने के बाद योजनाबद्ध तरीके से होटल पर दबिश दी गई, जहां अनैतिक गतिविधियां संचालित होती पाई गईं। सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर नयापुरा थाने लाया गया है, जहां उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। श्रीवास्तव ने बताया कि यह होटल पहले भी पुलिस की कार्रवाई के दायरे में आ चुका है और पूर्व में भी यहां से महिलाएं पकड़ी गई थीं। इसके बावजूद दोबारा इस तरह की गतिविधियां सामने आने पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। कार्रवाई के दौरान फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कराई गई है, जिन्हें न्यायालय में साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

आईपीएस श्रीवास्तव ने यह भी स्पष्ट किया कि देह व्यापार से अर्जित धन से बनाई गई संपत्तियों की जांच की जाएगी। यदि जांच में अवैध संपत्ति पाए जाने की पुष्टि होती है, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ संपत्ति जब्ती सहित कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उधर, स्थानीय निवासियों ने पुलिस कार्रवाई का स्वागत करते हुए बताया कि होटल में लंबे समय से अनैतिक गतिविधियां चल रही थीं, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा था। लोगों ने आरोप लगाया कि होटल मालिक के पास शहर में कई होटल हैं और वह महिलाओं से गलत काम करवाता है। कॉलोनीवासियों ने मांग की है कि होटल मालिक को भी गिरफ्तार किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के अवैध धंधों पर पूरी तरह रोक लग सके।

## 5 हजार के इनामी स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



सुभाषनगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 हजार रुपये के इनामी एवं लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी करीब 9 वर्ष पूर्व महिला से दुष्कर्म के मामले में वांछित था और जमानत पर रिहा होने के बाद से न्यायालय से फरार चल रहा था।

पुलिस ने थानाधिकारी कैलाश कुमार विश्नोई के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए इनामी आरोपी टिंकु सिंह पुत्र भारत सिंह राजपूत, उम्र 33 वर्ष, निवासी महमूदपुर उत्तर प्रदेश को जयपुर से डिटेन कर गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि 12 मई 2017 को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसमें उसकी पत्नी एवं बच्चों को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया गया था। अनुसंधान के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया गया, लेकिन बाद में वह जमानत पर रिहा होकर न्यायालय से फरार हो गया। इसके बाद से आरोपी के खिलाफ स्थायी वारंट जारी था और उसे 5 हजार रुपये का इनामी घोषित किया गया था। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## जानलेवा हमले के मामले में पुलिस कार्रवाई पर सवाल, पीड़िता ने एसपी से लगाई गुहार

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़




तलोदा गांव में महिला पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस की धीमी कार्रवाई से आहत पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता डबली देवी पत्नी फोरूलाल मीणा ने आरोप लगाया है कि 7 जनवरी को गांव के करीब 14 लोगों ने हथियारों से लैस होकर उसके घर पर धावा बोलते हुए हमला किया, जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं।

पीड़िता के अनुसार हमले के दौरान जब उसकी आवाज सुनकर परिजन व ग्रामीण बचाव के लिए पहुंचे, तो आरोपियों ने उन पर भी तलवार, लाठी और कुल्हाड़ी से हमला कर कई लोगों को घायल कर दिया। घटना स्थल पर आरोपियों के लोहा-सरिया और कुल्हाड़ी छूट जाने के बावजूद पुलिस द्वारा अब तक उन्हें जब्त नहीं किया गया है।

डबली देवी ने शक्करगढ़ थाना पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस ने उस पर राजीनामा करने का दबाव बनाया और समझौता नहीं करने पर कार्रवाई नहीं होने की चेतावनी दी। पीड़िता का यह भी आरोप है कि गंभीर हमले के बावजूद उसका पूरा मेडिकल परीक्षण नहीं करवाया गया और केवल बाएं हाथ की जांच की गई, जबकि सिर व शरीर पर कई गंभीर चोटें हैं। इसके अलावा अब तक मौके का पर्चा और नक्शा भी तैयार नहीं किया गया है।

पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच, दोबारा मेडिकल परीक्षण, आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पीड़िता का कहना है कि समय पर सख्त कार्रवाई नहीं होने से आरोपियों के हौसले और बढ़ सकते हैं।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## भीलवाड़ा के पूर्व सीएमएचओ गोस्वामी को मिला स्टे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



जिले के पूर्व मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतेंद्र पुरी गोस्वामी को हाई कोर्ट से स्टे मिल गया है। सूत्रों के अनुसार डॉक्टर गोस्वामी संभवतया मंगलवार को भीलवाड़ा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) के पद पर कार्यभार ग्रहण करेंगे।

विदित है कि पूर्व में सरकार ने डॉक्टर गोस्वामी को अनियमितता का आरोप लगाते हुए एपीओ कर दिया था।

C M Y K

# अभाविप ने सामूहिक सूर्यनमस्कार व संगोष्ठी के साथ मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

**मानव तिवाड़ी** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ईकाई की ओर से स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नगर के खेल मैदान में संगोष्ठी एवं सामूहिक सूर्यनमस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता कर योग एवं विचारों के माध्यम से स्वामी विवेकानंद को नमन किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कु. अदिति कंवर भाटी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति का परचम विश्वभर में लहराया। उनके विचार आज के युवाओं के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। संगोष्ठी से पूर्व खेल मैदान में सामूहिक सूर्यनमस्कार का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं एवं कार्यकर्ताओं ने योग के माध्यम से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर अध्यक्ष पूजा जोशी के स्वागत भाषण से हुई। कार्यक्रम का संचालन नगर भाग संयोजक हिमांशु लक्षकार ने किया, जबकि अंत में नगर मंत्री दीपांशु चित्तौड़ा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला विस्तारक अनिल सुथार, पूर्व जिला सहसंयोजक पंकज विजयवर्गीय, पूर्व तहसील संयोजक नीरज लक्षकार, सोशल मीडिया संयोजक आशीष सोमाणी, नगर सहमंत्री हरिओम सेन सहित पायल राठौड़, नंदिनी सेन, नितेश राठौड़, लक्ष्यराज सिंह पंवार तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन, कोर्ट आदेशों की पालना की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल**



108 एवं 104 एम्बुलेंस सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों ने राजस्थान एम्बुलेंस कर्मचारी यूनियन के बैनर तले सोमवार को मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी को मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने राजस्थान कॉन्ट्रैक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स-2022 के तहत लाभ देने एवं स्कैनिंग प्रक्रिया में शामिल करने की मांग की। यूनियन जिलाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार माली ने बताया कि जोधपुर हाईकोर्ट द्वारा वर्ष 2022 में कर्मचारियों के पक्ष में निर्णय दिए जाने के बावजूद अब तक आदेशों की पालना नहीं की गई है। कर्मचारियों ने शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रभु प्रजापत, हनीफ मोहम्मद, गिरिराज पायक, दीपक शर्मा, फतेहलाल रेगर, शोभित शर्मा, मुकेश चौधरी, केनपाल गुर्जर, कमलेशी गुर्जर, सुमन साहू, देवकिशन गाडरी, लक्ष्मीलाल शर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सराणा में मनरेगा श्रमिकों को किया जागरूक, नाम बदलने का विरोध

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**




राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के विधानसभा मांडलगढ़ अध्यक्ष सम्पत जाट के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सराणा एवं केकड़ियां में महात्मा गांधी नरेगा के तहत कार्यरत श्रमिकों से संवाद कर उन्हें जागरूक किया गया। इस दौरान श्रमिकों ने नरेगा का नाम बदलने एवं नई विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण योजना लागू किए जाने का विरोध जताया। संगठन सचिव विनोद कंजर ने बताया कि नरेगा विकेंद्रीकरण की नीति पर आधारित है, जबकि नई योजना में केंद्रीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे श्रमिकों के अधिकार प्रभावित होंगे।

श्रमिकों ने बकाया मजदूरी भुगतान की समस्या भी उठाई।

# गणतंत्र दिवस आयोजन को लेकर बैठक आयोजित ,विभागवार जिम्मेदारियां सौंपी गई



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

**रमेश गुर्जर** कस्बे के पंचायत समिति सभागार में गणतंत्र दिवस पर होने वाले उपखण्ड स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई।उपखण्ड अधिकारी ने निर्देश दिए कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों को प्राथमिकता दी जाए तथा राजस्थानी एवं मेवाड़ी संस्कृति का समावेश सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों के सम्मान के लिए विभागवार सूची तय प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों सहित समय पर भिजवाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में तहसीलदार ललित डिडवानिया, विकास अधिकारी अशेष शर्मा, अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल, थानाधिकारी स्वागत पांड्या, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव, जेईएन हेमंत नावर सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# इंडिया टॉप मॉडल सीजन-8 की विजेता बनीं बिजौलिया की त्विषा नागौरी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**



जयपुर में आयोजित इंडिया टॉप मॉडल सीजन-8 में कस्बा निवासी त्विषा नागौरी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अग्रवाल प्रोडक्शन हाउस द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित फैशन प्रतियोगिता में देशभर से आए प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए त्विषा ने यह उपलब्धि हासिल की।

कम उम्र में इस बड़ी सफलता पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विभिन्न सामाजिक संगठनों, नागरिकों और शुभचिंतकों ने त्विषा नागौरी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों को योगिराज श्री 1008 पवन नाथ महाराज का आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ।

आयोजकों के अनुसार इंडिया टॉप मॉडल सीजन-8 में प्रतिभागियों का चयन कड़े मानदंडों के आधार पर किया गया था। त्विषा नागौरी ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और प्रभावशाली प्रस्तुति के बल पर जूरी को प्रभावित करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता की जूरी में कीथ जेक्शन, करण विंग और जगदीश पुरोहित सहित फैशन जगत के कई विशेषज्ञ शामिल रहे।

त्विषा की इस सफलता को बिजौलिया क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया जा रहा है।

# सवाईपुर सहित ग्रामीण विद्यालयों में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)** कस्बे सहित बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया और रेड़वास के विभिन्न विद्यालयों में स्वामी विवेकानंद की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। सवाईपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में यह दिवस कैरियर डे के रूप में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने की। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर प्रदर्शनी, पोस्टर, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रधानाचार्या डॉ. ठाकुर एवं मुख्य वक्ता अध्यापक महेंद्र कुमार व मनोज राठौड़ ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में शारदा सुखवाल, अंजली शर्मा, अमृता शर्मा, अपर्णा सैनी, शारीरिक शिक्षक अशोक कुमार पोरवाल सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# नरेश मीणा के केकड़ी दौरे से सियासी हलचल, 2028 चुनावों को लेकर अटकलें तेज



**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश)** राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ महासचिव एवं किसान नेता नरेश मीणा की रविवार देर शाम केकड़ी विधानसभा क्षेत्र में अचानक मौजूदगी से स्थानीय राजनीति में हलचल मच गई है। सावर बस स्टैंड पर कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए स्वागत के बाद इस दौरे को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इसे केवल निजी दौरा नहीं माना जा सकता, बल्कि इसके संकेत 2028 के विधानसभा चुनावों से जोड़े जा रहे हैं। केकड़ी विधानसभा क्षेत्र जातीय व राजनीतिक दृष्टि से संवेदनशील मानी जाती है, जहां नरेश मीणा की युवाओं में लोकप्रियता और सामाजिक पकड़ चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकती है।

इस दौरे के बाद संभावित तीसरे मोर्चे को लेकर भी चर्चाएं तेज हुई हैं, जिसका असर कांग्रेस सहित बड़े दलों पर पड़ सकता है। हालांकि चुनाव अभी दूर हैं, लेकिन नरेश मीणा की मौजूदगी को भविष्य की राजनीति की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है।

दौरे के दौरान छानबास सरपंच आरडी गुर्जर, नापाखेड़ा के पूर्व सरपंच दुर्गालाल गुर्जर, एडवोकेट मानसिंह मीणा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# पर्यावरणविद बाबूलाल जाजू समाज गौरव से सम्मानित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय माहेश्वरी महाअधिवेशन माहेश्वरी महाकुंभ में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पर्यावरणविद बाबूलाल जाजू को समाज गौरव उपाधि से सम्मानित किया गया।

जोधपुर में आयोजित समारोह में यह सम्मान हरिभाऊ बागड़े तथा भारत सरकार के विधि आयोग के अध्यक्ष व सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी द्वारा प्रदान किया गया। जाजू को यह सम्मान पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण, पशु कल्याण, जल स्रोतों के पुनर्जीवन और हरित आवरण विस्तार में उनके दीर्घकालिक योगदान के लिए दिया गया।

# 200 दिन से धरने पर बैठे किसान, खनन गतिविधियों के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले के जालिया (महुआखुर्द) गांव में जिंदल सॉ लिमिटेड की खनन गतिविधियों के विरोध में किसान पिछले 200 दिनों से धरने पर बैठे हैं। सोमवार को किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्रशासन पर खनन माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन उग्र करने की चेतावनी दी। किसानों का आरोप है कि वर्ष 2017 में न्यायालय द्वारा खनन व ब्लास्टिंग पर रोक लगाने के आदेशों के बावजूद अवैध गतिविधियां जारी हैं। राष्ट्रपति सचिवालय एवं सांसद स्तर पर हस्तक्षेप के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने बताया कि डीजीएमएस के नियमों की अनदेखी कर आबादी और स्कूलों के समीप ब्लास्टिंग की जा रही है, जिससे फसलों को नुकसान, मकानों में दरारें और स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। किसानों ने प्रशासन पर ग्राम सभा के निर्णय की अवहेलना, चरागाह भूमि के गलत आवंटन और समझौतों को लागू नहीं करने के आरोप लगाए। उन्होंने डीजीएमएस जांच होने तक खनन पर रोक, न्यायालय आदेशों की पालना, गांव के पास चरागाह भूमि बहाल करने और पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। किसानों ने चेताया कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसी भी अप्रिय स्थिति की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर छात्राओं ने किया थाने का शैक्षणिक भ्रमण



**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश )** स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सोमवार को पुलिस थाना सावर में शैक्षणिक व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सावर की कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं ने थाना परिसर का भ्रमण किया। थानाधिकारी राधेश्याम चौधरी ने छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली, कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की जानकारी दी। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन ठगी, बाल अधिकार, आपदा प्रबंधन तथा राज कोप सिटीजन ऐप के उपयोग व हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया। छात्राओं ने थाना कार्यालय, रिकॉर्ड शाखा व मालखाना सहित विभिन्न विभागों का अवलोकन कर पुलिस कार्यशैली को नजदीक से समझा।




QUICK BITES

## जर्जर भवन के चलते बड़ा दरवाजा स्कूल के बच्चे इंदिरा कॉलोनी शिफ्ट, दूरी से अभिभावक परेशान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया





झालावाड़ में गत वर्ष हुई दुर्घटना के बाद जर्जर घोषित किए गए सरकारी विद्यालय भवनों के क्रम में नगर के बड़ा दरवाजा क्षेत्र स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय भवन को सुरक्षा की दृष्टि से अनुपयोगी घोषित कर दिया गया है। इसके बाद यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिफ्ट किया गया है, जिससे छोटे बच्चों और उनके अभिभावकों की परेशानी बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार बड़ा दरवाजा क्षेत्र के विद्यालय भवन की स्थिति जर्जर होने के कारण शिक्षा विभाग ने एहतियातन विद्यार्थियों को इंदिरा कॉलोनी स्थित विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया। हालांकि दूरी अधिक होने के कारण प्राथमिक और छोटे कक्षाओं के बच्चों को विद्यालय आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

अभिभावकों का कहना है कि छोटे बच्चे अकेले इतनी दूरी तय करने में असमर्थ हैं, वहीं रोज़ाना उन्हें छोड़ने-लाने में भी कठिनाई हो रही है। इससे बच्चों की नियमित पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका है।

परिजनों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि बच्चों को सुविधा की दृष्टि से नजदीक ही स्थित राजकीय बालिका विद्यालय में अस्थायी रूप से शिफ्ट किया जाए, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा और पढ़ाई दोनों सुनिश्चित हो सके।

## पदच्युत वरिष्ठ सहायक के दंडादेश पर पुनर्विचार की मांग, राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया



कोटड़ी में कार्यरत वरिष्ठ सहायक भवानी सिंह मीणा को राजकीय सेवा से पदच्युत किए जाने के आदेश के विरोध में राजस्थान राज्य राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ की ब्लॉक इकाई बिजोलिया ने सोमवार को जिला कलेक्टर के नाम उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर दंडादेश पर पुनर्विचार की मांग की है।

संघ ने ज्ञापन में बताया कि भवानी सिंह मीणा के विरुद्ध 7 जनवरी को पारित पदच्युत आदेश जांच अधिकारी के प्रतिवेदन के विपरीत है। जांच रिपोर्ट में लगाए गए आरोप प्रमाणित नहीं होने के बावजूद संबंधित कार्मिक को कठोर दंड दिया गया है, जो न्यायसंगत नहीं है।

राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ का कहना है कि एक ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी के विरुद्ध की गई इस कार्रवाई से विभाग में कर्मचारियों एवं अधिकारियों में रोष और निराशा का माहौल है। इससे कार्य संस्कृति और मनोबल पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

संघ ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मानवीय एवं न्यायोचित दृष्टिकोण अपनाते हुए दंडादेश पर शीघ्र पुनर्विचार किया जाए तथा पदच्युत आदेश को निरस्त किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान राजेन्द्र हाड़ा, गोविंद सहित बड़ी संख्या में राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# निःशुल्क साइकिल योजना से बालिकाओं की राह आसान, तहनाल विद्यालय में 36 छात्राओं को मिली सौगात

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**(किशन)** राजस्थान सरकार द्वारा छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण अंचलों में विद्यालय तक आवागमन को सरल बनाने के उद्देश्य से संचालित निःशुल्क साइकिल योजना के अंतर्गत सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तहनाल में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सत्र 2025-2026 में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत कुल 36 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय ग्राम पंचायत तहनाल की प्रशासक गोविंद कंवर राणावत ने की। कार्यक्रम में वीरेन्द्र सिंह राणावत मुख्य अतिथि के रूप में तथा गोविंद बेरवा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं को साइकिलें प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य देवकिशन गुर्जर ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन राजकीय शिक्षक इकबाल खा कायमखानी द्वारा किया गया। जिन्होंने योजना की जानकारी देते हुए छात्राओं को साइकिल का सुरक्षित उपयोग करने एवं नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, छात्राओं के अभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर विधिक सेवा समिति का जागरूकता अभियान आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**(किशन)** तालुका विधिक सेवा समिति आसींद के आदेशानुसार राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राजकीय स्वामी विवेकानंद मॉडल विद्यालय में तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ की गई। इसके पश्चात अधिवक्तागणों द्वारा विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं।

अधिवक्ताओं ने युवाओं से आत्मविश्वास, अनुशासन, चरित्र निर्माण तथा राष्ट्र सेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं और यदि वे सही दिशा में आगे बढ़ें तो देश को प्रगति के शिखर पर ले जा सकते हैं। उनके प्रेरक संबोधन से उपस्थित विद्यार्थियों में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हुआ। साथ ही नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देकर उनसे दूर रहने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता आशीष पालीवाल, रामप्रसाद जाट, दीपक पारीक, अंकित शर्मा, हितेष शर्मा एवं मोहम्मद शरीफ उपस्थित रहे। साथ ही तालुका सचिव शिवराज धाकड़, पीएलवी अभय गुर्जर, प्रधानाचार्य ईश्वर मीणा, पवन बांगड़ एवं समस्त शिक्षकगण की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# स्वाध्याय भवन के द्विवर्षीय चुनाव सम्पन्न, नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से हुआ गठन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



न्यू आज़ाद नगर स्थित स्वाध्याय भवन की द्विवर्षीय साधारण सभा एवं चुनाव बैठक स्वाध्याय भवन परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ नवकार महामंत्र के सामूहिक स्मरण के साथ किया गया।

बैठक में मंत्री प्रवीण कोठारी ने विगत दो वर्षों में स्वाध्याय भवन द्वारा किए गए विभिन्न क्रियाकलापों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। वहीं कोषाध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने आय-व्यय का लेखा-जोखा सभा के समक्ष रखा, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया।

अध्यक्ष राजेश बापना ने अपने उद्बोधन में बीते कार्यकाल के दौरान किसी भी सदस्य के प्रति हुई किसी भी प्रकार की अनजानी त्रुटि के लिए क्षमा याचना करते हुए सभी सदस्यों का सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया।

मीडिया प्रभारी मनीष बंब ने बताया कि चुनाव अधिकारी शैलेन्द्र जैन एवं हेमन्त मेहता की देखरेख में नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। घोषित पदाधिकारियों में बसंती लाल मेहता को संरक्षक, राजेश बापना को अध्यक्ष, दिनेश चंडालिया एवं विनोद तातेड को उपाध्यक्ष, प्रवीण कोठारी को मंत्री, तेजमल कांठेड़ को सहमंत्री, प्रदीप चौधरी को कोषाध्यक्ष तथा अनिल कोठारी को संगठन मंत्री मनोनीत किया गया।

# मॉडल स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती हर्षोल्लास से मनाई

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़



स्वामी विवेकानंद मॉडल विद्यालय में स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि भगवान सिंह चौहान एवं एसडीएमसी सदस्य कैलाशचंद्र पटवा के सानिध्य में मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई।

इस अवसर पर 'रन फॉर स्वदेशी' दौड़, पीटीआई मोहनलाल खटीक द्वारा वार्मअप सत्र, निबंध, पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि चौहान ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपनाकर जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह राणावत ने विद्यार्थियों से विवेकानंद के विचारों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। मंच संचालन शीला टेलर ने किया।

## आदर्श नवोदय स्कूल के विद्यार्थियों ने किया आसींद पुलिस थाने का शैक्षिक भ्रमण



भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आदर्श नवोदय स्कूल के छात्र-छात्राओं को पुलिस व्यवस्था से जोड़ने और जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत विद्यार्थियों ने आसींद पुलिस थाने का शैक्षिक भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान थानाधिकारी श्रद्धा पचौरी ने विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली, दायित्वों एवं थाने की विभिन्न शाखाओं के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने पुलिस व्यवस्था से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों द्वारा सरल भाषा में समाधान किया गया।

कार्यक्रम में महिला सुरक्षा सलाह केंद्र की सोशल काउंसलर सुगना वैष्णव ने महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र पर उपलब्ध निशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को राजकोप सिटीजन ऐप के उपयोग, महत्व और सुविधाओं के बारे में बताया गया तथा उनके मोबाइल में ऐप इंस्टॉल करवाकर ऑनलाइन शिकायत, महिला सुरक्षा एवं आपातकालीन सेवाओं की जानकारी दी गई।विद्यार्थियों ने थाने की कार्यप्रणाली, अभिलेखों एवं विभागों को नजदीक से देखा। इस दौरान संस्था प्रधान मोतीलाल बेनीवाल ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। भ्रमण के दौरान महेंद्र, शुभम चौधरी, कोमल सेन, विधि सलाहकार अनिता साहू सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## पत्रकार पर हमला करने वाले दोषीयो पर कार्रवाई की मांग, सोपा ज्ञापन



भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ।

जिले के फुलिया कलां थाना क्षेत्र के अरवड गांव निवासी पत्रकार सत्यनारायण टेलर के ऊपर नियोजित एवं साजिशन किए गए कातिलाना हमले के दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को प्रेस क्लब कोटड़ी के पत्रकारों ने उपखंड अधिकारी तानिया रीणवा को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सोपा प्रेस क्लब कोटड़ी के प्रवक्ता विक्रम सिंह ने बताया कि 25 दिसंबर को विभागीय जनसुनवाई की खबर प्रकाशित करने को लेकर पत्रकार सत्यनारायण टेलर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं उसके सहयोगियों ने जान से मारने के लिए कातिलाना हमला किया , जिसका प्रकरण शाहपुरा थाने में दर्ज हैं ,पुलिस की ढीली जांच से पत्रकारों में गहरा रोष व्याप्त हैं ।प्रेस क्लब कोटड़ी के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर कठोर कार्रवाई की मांग की है ज्ञापन के दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष भैरू चौधरी, कोषाध्यक्ष राम प्रसाद आचार्य, सचिव महावीर वैष्णव सदस्य ,राजू रावणा समेत कई पत्रकार मौजूद रहे

# अखिल राजस्थान हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी रहे मौजूद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को आयोजित अखिल राजस्थान अंतर महाविद्यालय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में स्वदेशी क्रांति और लोकल फॉर वोकल की गूंज सुनाई दी। राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कार्यक्रम में शिरकत की ।




चतुर्वेदी ने कहा कि भारत एक महाशक्ति बन रहा है और 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेगा।

इस दौरान प्रतियोगिता में 16 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया और स्वदेशी आधारित अर्थव्यवस्था के महत्व पर चर्चा की। युवराज सिंह राठौड़ ने प्रथम पुरस्कार जीता, जबकि कृति मीणा और सलोनी चुंडावत/हुनर अग्रवाल ने द्वितीय और तृतीय पुरस्कार जीते। इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल, डॉ श्याम सुंदर भट्ट, और जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर आसींद में स्वदेशी जागरण मंच का भव्य आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद**

स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आसींद शहर में स्वदेशी जागरण मंच की ओर से भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्वदेशी, राष्ट्र निर्माण और युवाओं की भूमिका पर विस्तार से विचार रखे गए।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर टीचर्स ट्रेनिंग एवं स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत विचार प्रमुख डॉ. देवी लाल साहू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं को राष्ट्र पुनर्निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति मानते थे। उनका संदेश उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको आज भी युवाओं को आत्मविश्वास और साहस प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद जयंती पर देशभर में रन फॉर स्वदेशी अभियान चलाया जा रहा है, जिसे यूजीसी, स्कूल शिक्षा विभाग और विद्या भारती सहित कई संस्थाओं का समर्थन प्राप्त है।



अध्यक्षीय उद्बोधन में सीबीईओ अर्जुन लाल बुनकर ने कहा कि आत्मनिर्भर और स्वदेशी भारत ही सशक्त भारत की नींव है। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह तंवर ने स्वदेशी को विकसित भारत की अनिवार्य आवश्यकता बताया। विशिष्ट अतिथि आसींद सीआई श्रद्धा पचौरी ने कहा कि स्वदेशी से स्थानीय उद्योग, कारीगर, किसान और स्टार्टअप सशक्त होंगे। कार्यक्रम संयोजक विजय व्यास ने प्रस्तावना रखते हुए स्वदेशी को केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक संकल्प बताया। स्वदेशी दौड़ से पूर्व नसीब पठान ने शपथ दिलाई, जबकि अंत में मोतीराम बेनीवाल ने आभार व्यक्त किया। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद् एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बड़े हादसे का इंतजार करता प्रशासन, मुख्य मार्ग पर बना गड्ढा राहगीरों के लिए खतरा

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**

भीलवाड़ा-ब्यावर मुख्य मार्ग पर नई बस स्टैंड के सामने सड़क पर बना बड़ा गड्ढा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बना हुआ है। लंबे समय से मौजूद इस गड्ढे को लेकर ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन को अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई सुध नहीं ली गई है।



ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के बीच बने इस गड्ढे के आसपास पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं है, जिससे रात के समय वाहन चालकों और राहगीरों को गड्ढा दिखाई नहीं देता। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं, जिनमें बसें, भारी वाहन और दोपहिया शामिल हैं। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा समय रहते मरम्मत कार्य नहीं कराए जाने से लोगों में रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र गड्ढे को भरवाने और सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि किसी संभावित दुर्घटना को रोका जा सके।

# निलंबन निरस्त नहीं होने पर वन कर्मियों में रोष, आंदोलन की चेतावनी





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

**मूलचन्द पेसवानी**

शाहपुरा वन क्षेत्र में कार्यरत दो सहायक वनपालों के निलंबन को प्रारंभिक जांच में दोषमुक्त पाए जाने के बावजूद अब तक निरस्त नहीं किए जाने पर राजस्थान वन अधीनस्थ कर्मचारी संघ शाखा भीलवाड़ा ने कड़ा विरोध जताया है। संघ ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक जयपुर को ज्ञापन भेजते हुए सात दिन के भीतर निलंबन बहाल नहीं होने पर आंदोलन, धरना-प्रदर्शन व राजकार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है। संघ ने बताया कि मुख्य वन संरक्षक अजमेर के बीते वर्ष 9 नवंबर के आदेश के तहत शाहपुरा नाका प्रभारी सहायक वनपाल विश्राम मीणा तथा पीलीमगरा रेंज के बीट इंचार्ज सहायक वनपाल शंकर लाल माली को निलंबित किया गया था। संघ ने प्रारंभ से ही इस निलंबन को तथ्यहीन बताते हुए विरोध दर्ज कराया था।

संघ के अनुसार 28 नवंबर को प्रस्तुत प्रारंभिक जांच प्रतिवेदन में दोनों सहायक वनपालों पर लगाए गए आरोप सिद्ध नहीं हुए और उनकी भूमिका संदेहास्पद नहीं पाई गई। इसके बावजूद अब तक न तो निलंबन निरस्त किया गया और न ही कोई स्पष्ट कार्यवाही की गई, जिससे कर्मचारियों में असंतोष और निराशा व्याप्त है।

संघ का कहना है कि लंबे समय तक निलंबन बनाए रखने से संबंधित कर्मचारी मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं और इसका नकारात्मक संदेश अन्य कर्मियों में भी जा रहा है। इससे विभागीय कार्यसंस्कृति प्रभावित हो रही है।

राजस्थान वन अधीनस्थ कर्मचारी संघ शाखा भीलवाड़ा ने चेताया है कि यदि सात दिवस के भीतर दोनों कर्मचारियों को निलंबन से बहाल नहीं किया गया तो संघ को आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। संघ ने स्पष्ट किया कि आंदोलन की स्थिति में होने वाली किसी भी क्षति की जिम्मेदारी वन प्रशासन की होगी।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सलावटिया में जागरूकता रैली निकाली



**भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया ।**

**विकास जैन** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 से 31 जनवरी के तहत सलावटिया ग्राम में सोमवार को जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एनएचएआई के कर्मचारियों एवं थानाधिकारी स्वागत पांडे के नेतृत्व में मुख्य मार्ग पर रैली निकालकर आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने, रात या कोहरे की स्थिति में हेडलाइट का प्रयोग करने, स्कूल क्षेत्रों व स्कूल बसों के आसपास विशेष सावधानी बरतने तथा यातायात संकेतों (साइन बोर्ड) का पालन करने की अपील की।

कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क सुरक्षा से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए, जिससे आमजन को सुरक्षित व सतर्क रहने का संदेश दिया गया।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर भारत विकास परिषद ने किया नमन



**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश)** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर सोमवार को भारत विकास परिषद द्वारा श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। परिषद के सदस्यों ने स्थानीय विवेकानंद स्मारक, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के विचारों को स्मरण करते हुए युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान भारत विकास परिषद द्वारा वार्षिक कैलेंडर का भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम में भारत विकास परिषद सावर के सदस्य अंकित जैन, सतेंद्र राव, दिनेश माली, विक्रम सिंह शक्तावत, चंद्र प्रकाश वैष्णव, निरंजन शर्मा, अनिल झांकल, भगवत सिंह शक्तावत सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा आज भीलवाड़ा दौरे पर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा मंगलवार को राजसमंद से प्रस्थान कर शाम 3.45 बजे भीलवाड़ा पहुंचेंगे। इसके बाद वे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी बजट को लेकर विभिन्न वर्गों से चर्चा, संवाद तथा पूर्व बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक लेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा सायं 5 बजे जिला कलेक्ट्रेट से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### सिंधी भाषा परीक्षा आयोजित, 785 विद्यार्थियों ने लिया भाग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



**मूलचन्द पेसवानी।** राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, नई दिल्ली की ओर से भारतीय सिंधु सभा राजस्थान न्यास के सहयोग से संचालित सिंधी भाषा कक्षाओं के विद्यार्थियों की परीक्षा भीलवाड़ा जिले में तीन केंद्रों पर सफलतापूर्वक आयोजित की गई। परीक्षा का आयोजन महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के आशीर्वाद एवं संत मायाराम के सानिध्य में हुआ।

जिला प्रवक्ता पंकज आडवाणी ने बताया कि भीलवाड़ा जिले में पिछले तीन महीनों से राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद द्वारा संचालित सिंधी भाषा के सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा एवं एडवांस डिप्लोमा कोर्स की कक्षाएं चल रही थीं। इन कक्षाओं में 30 शिक्षामित्रों के सहयोग से 47 कक्षाओं में कुल 785 विद्यार्थियों ने अध्ययन किया। पूरे कार्यक्रम में आठ सुपरवाइजरों ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

जिला प्रभारी किशोर कृपलानी ने बताया कि जिले में परीक्षार्थियों की कुल उपस्थिति 77 प्रतिशत रही। वहीं भीलवाड़ा शहर प्रभारी धीरज पेसवानी के अनुसार शहर क्षेत्र में 76 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई, जबकि मांडलगढ़ प्रभारी ओमप्रकाश गुलाबानी ने बताया कि मांडलगढ़ केंद्र पर 100 प्रतिशत उपस्थिति रही।

भारतीय सिंधु सभा के जिलाध्यक्ष परमानंद गुरनानी ने बताया कि जिले में 440 विद्यार्थी सर्टिफिकेट कोर्स, 117 विद्यार्थी डिप्लोमा कोर्स तथा 50 विद्यार्थी एडवांस डिप्लोमा कोर्स की परीक्षा में सम्मिलित हुए।

परीक्षा के दौरान एनसीपीएसएल ऑब्जर्वर मोहनदास वजीरानी, संभाग प्रभारी वीरूमल पुरसानी सहित हीरालाल गुरनानी, परमानंद तनवानी, नवीन मानवानी, नरेंद्र रामचंदानी, मीना नीमरानी, पुरुषोत्तम परियानी, सुगनामल कलवानी, लक्ष्मण लालवानी, गंगाराम पेशवानी, एडवोकेट दीपक खूबवानी एवं राजेश माखीजा का विशेष सहयोग रहा।

### विधिक जागरूकता शिविर आयोजित, राष्ट्रीय युवा दिवस पर दी जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशानुसार एक्शन प्लान के तहत सोमवार को आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व और उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पीएलवी रामबाबू माथुर , विद्यालय के प्रधानाध्यापक मिठूलाल शर्मा सहित शिक्षकगण देवकरण धाकड़, ओमप्रकाश शर्मा, केदार शर्मा, मुकेश रैगर, रुक्मणि गौड, माया टेलर, माया प्रजापत, कमला गौड, लक्ष्मी गौड, योगिता सोलंकी, दिव्या राजपूत, गुड्डी खटीक एवं कविता चौहान उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ सहायक मीणा को पदच्युत करने पर राजस्व कार्मिकों ने सौपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।**




ब्लॉक के समस्त राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों ने साथी कर्मचारी भवानी सिंह मीणा वरिष्ठ सहायक को राजकीय सेवा से पदच्युत करने के आदेश के खिलाफ उपखण्ड अधिकारी के माध्यम से जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों का कहना है को जांच अधिकारी की रिपोर्ट में कर्मचारी पर कोई भी आरोप सिद्ध नहीं हुआ था। इसके बावजूद, तथ्यों की अनदेखी कर एक ईमानदार कर्मी को बर्खास्त किया गया है। इस एक तरफा कार्यवाही से समस्त राजस्व परिवार में भारी रोष है। कर्मचारियों ने 7 जनवरी को जारी बर्खास्तगी आदेश पर पुनर्विचार कर इसे तुरंत निरस्त कर कर्मचारी को न्याय दिलाने की माँग की है ।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।